प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

राज्यपाल शपथ

हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल के रूप में आज कविंदर गुप्ता लोक भवन शिमला में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया उन्हें शपथ दिलाएंगे। इससे पहले कल शाम शिमला पहुंचने पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने लोकभवन में स्वागत किया। प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए गए कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश के कल्याण और प्रगति के लिए कार्य करेंगे।

*मुझे विश्वास है और मेरी आदत है, सबको साथ लेकर चलने की। मैं चाहता हूं सब समाज को लेकर साथ में चलेंगे और हिमाचल की बेहतरी के लिए काम करेंगे और मुझे लगता है कि मैं पहला व्यक्ति हूं सात महीने बाद जिन्होंने प्रमोशन की है, तो स्वभाविक बात है कि एक जिम्मेवारी है, एक चैंलेज है, उस चैलेंज को निभाएंगे और सभी के साथ मिलजुल कर काम करेंगे।*

कविंद्र गुप्ता ने कहा कि लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में पहले उन्हें सीखने का मौका दिया गया और अब वे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की चुनौती को सहर्ष स्वीकार करते हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के आईएसबीटी टूटीकंडी से चंडीगढ़ के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की प्रीपेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस सेवा की शुरू होने से शहर में स्थानीय लोगों व सैलानियों को राहत मिलेगी और टैक्सियों के मनमाने किराए पर भी रोक लगेगी। शिमला और चंडीगढ़ की आवाजाही के लिए आईएसबीटी पर स्थित प्रीपेड काउंटर से तय दरों पर टैक्सी मिलने से यात्रियों को पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा मिल सकेगी। परिवहन विभाग ने शिमला से चंडीगढ़ के लिए टैक्सी का शुल्क 3 हजार रुपए जबकि मैक्सी का शुल्क 5 हजार रुपए तय किया है।

राज्यसभा सदस्य

राज्यसभा की एक सीट के लिए निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा के खिलाफ नामांकन प्रक्रिया के दौरान संपत्ति के विवरण छिपाने और चुनावी नियमों के उल्लंघन के संबंध में निर्वाचन आयोग राज्यसभा सचिवालय और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई है। धर्मशाला की अधिवक्ता निताशा कटोच की ओर से दायर की गई इस

शिकायत याचिका का हवाला देते हुए भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होना बेहद जरूरी है।

दूसरी ओर, निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने भी अपनी संपत्ति को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि उनके पिताजी द्वारा अर्जित की गई यह मेहनत की कमाई थी जो उन्हें पैतृक संपत्ति के रूप में मिली है। उन्होंने ये भी कहा कि वे स्वयं एक कारोबारी है व नियमित रूप से आयकर भरते हैं और उनकी कोई भी संपत्ति छुपी नहीं है।

<u>विक्रमादित्य</u>

शिमला जिले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण एक के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्रालय ने समय सीमा 31 मार्च 2027 तक बढ़ाने को स्वीकृति प्रदान की है। इसे लेकर हाल ही में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक हुई थी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र को भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत कठिन मानते हुए पीएमजीएस वाई–एक के तहत स्वीकृत कुछ सड़क कार्य की समय अवधि बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त समय अवधि मिलने से यहां निर्माण कार्य पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्र के लोगों को सड़क सुविधा मिल पाएगी।

<u>सौर ऊर्जा</u>

सौर ऊर्जा किसानों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रही है , जो बिजली और डीजल पर निर्भरता कम कर सोलर पंप के जरिए सिंचाई लागत में भारी बचत करती है। सौर ऊर्जा से सम्बंधित विभिन्न योजनाओ पर केंद्र सरकार सब्सिडी देती है, ऐसी ही योजनाओ का लाभ मंडी जिला के करसोग में कामाक्षा गांव के किसान छज्जू राम वर्मा ने भी मिला जिससे उन्हें अपने खेतों में सिंचाई की उचित सुविधा प्राप्त हुई। विस्तृत ब्यौरे के साथ मंडी जिला संवाददाता

डिस्पैच– *<u>मंडी जिला के करसोग क्षेत्र के कामाक्षा गांव के किसान छज्जू राम वर्मा ने सौर ऊर्जा के सहारे अपनी खेती की तस्वीर बदल दी है। कभी पानी की कमी के कारण उनकी करीब 25 बीघा जमीन का बड़ा हिस्सा खाली पड़ा रहता था, लेकिन आज वही खेत हरी–भरी फसलों से लहलहा रहे हैं। कुछ वर्ष पहले तक छज्जू राम पारंपरिक खेती करते थे और खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर थी। बाद में उन्होंने सरकारी सहायता योजना के तहत अपने खेत में 4 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाया। इसकी कुल लागत करीब 2.70 लाख रुपये थी, जिसमें 90 प्रतिशत खर्च सरकार ने वहन किया, जबकि 10 प्रतिशत राशि उन्होंने स्वयं लगाई। सौर ऊर्जा से चलने वाली मोटर के माध्यम से खेतों में सिंचाई की स्थायी व्यवस्था हो गई। पानी की समस्या दूर होते ही उन्होंने नगदी फसलों की खेती शुरू कर दी। बेहतर सिंचाई और आधुनिक खेती के कारण उत्पादन बढ़ा है और आज उनकी सालाना आय करीब 3 से 4 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।</u>*

मौसम

आज प्रदेश के कई क्षेत्रों में खिली धूप के साथ हल्के बादल भी छाए हैं। मौसम विभाग ने भी 11 मार्च से प्रदेश में मौसम बदलने के आसार जताए हैं। विभाग के अनुसार 13 मार्च को प्रदेश की ऊंची चोटियों पर कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी या बारिश की संभावना बनेगी जबकि निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा के आसार हैं। वहीं मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इन दिनों प्रदेश के सात जिलों उना, बिलासपुर, हमीरपुर कांगड़ा, मंडी, सोलन और कुल्लू में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है।

.................